**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 09.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्षों की उपलब्धियों को बताया ऐतिहासिक, कहा सबके प्रयास से हुआ समावेशी विकास, लोगों से नमो ऐप पर विकास यात्रा से जुड़ने का आह्वान।**

2. **भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर आज झारखंड समेत पूरा देश कर रहा उन्हें नमन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में बिरसा मुंडा की समाधि पर दी श्रद्धांजलि।**

3. **शराब घोटाला उजागर करने वाले दो आईएएस अफसरों–कर्ण सत्यार्थी और फैज अक अहमद को एसीबी ने गवाही के लिए भेजा नोटिस, पूछताछ कर साक्ष्य जुटाएगी जांच एजेंसी।**

4. **झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की बैठक धनबाद मे आयोजित, विकास कार्यों की धीमी गति पर जताई गई नाराजगी।**

5. **मौसम विभाग ने रांची समेत कुछ जिलों में हल्की बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।**

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक समावेशी और सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

***********************

आज धरती आबा, भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि है। भगवान बिरसा मुंडा ने शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ़ आंदोलन का नेतृत्व किया और आदिवासी समुदायों के अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी। पेश है

***********************

आज वीर बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर झारखंड सहित पूरा देश उन्हे नमन कर रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समेत राज्य के कई मंत्रियों और नेताओं ने रांची के बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भगवान बिरसा मुंडा के साहस और संघर्ष को प्रेरणादायक बताया।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन को सभी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

***********************

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प से अवगत कराने के उद्देश्य से अमरीका की यात्रा पूरी कर ली है। एक रिपोर्ट–

***********************

शराब घोटाला उजागर करने वाले तत्कालीन उत्पाद आयुक्त कर्ण सत्यार्थी और फैज अक अहमद को एसीबी ने गवाही के लिए नोटिस भेजा है। वर्तमान में कर्ण सत्यार्थी जमशेदपुर और फैज अक अहमद रामगढ़ में उपायुक्त के पद पर कार्यरत हैं। एसीबी की टीम इनसे पूछताछ कर 38 करोड़ से अधिक के घोटाले में ठोस साक्ष्य जुटाने का प्रयास करेगी। जांच एजेंसी के अनुसार, अपने कार्यकाल में दोनों अधिकारियों ने शराब घोटाले का खुलासा किया था और कई मामलों में आपत्तियां भी दर्ज कराई थीं।

***********************

झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की बैठक धनबाद मे विधायक राज सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिस में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, धनबाद डीसी, एसएसपी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि 2019 में पूरी हो जाने वाली कई योजनाएं अब तक अधूरी हैं, जो राज्य सरकार और अधिकारियों की लापरवाही और फंड की कमी को दर्शाती है।

***********************

बोकारो जिले के उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा है कि बेटियों के जन्म पर लोगों को माता पिता को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने लोगों से बच्ची के घर फल मिठाई व गुलदस्ता उपहार देने की सलाह दी। इस संबंध में ब्योरा दे रहे हैं

***********************

वैश्विक बाजारों में तेजी और रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ खुले। आज बम्बई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक शुरूआती कारोबार में लगभग 480 अंक बढकर 82 हजार 669 अंक पर पहुंच गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157 अंक से अधिक बढ़कर 25 हजार 160 अंक पर रहा।

***********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नवासी हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दस हजार रुपये प्रति किलो है।

**************************

मौसम विभाग ने दोपहर तीन बजे के बाद रांची, खूंटी, दुमका, पाकुड़ समेत कुछ जिलों में तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। साथ ही विभाग के अनुसार आज धनबाद, देवघर, बोकारो, सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, पलामू, साहिबगंज और गोड्डा में हीट स्ट्रोक का खतरा बना रहेगा।

**********समाप्त*************